पत्रिका

Fake Ghee: एक साल में बाजार में खपा दिया 1 लाख लीटर नकली घी, फैक्ट्री संचालक का चौंकाने वाला खुलासा

जोधपुर। मण्डोर थानान्तर्गत आंगणवा के नंदपुरी योजना स्थित फैक्ट्री से नकली व मिलावटी घी बनाने का कारखाना पकड़े जाने के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सस्ते घी में पाम ऑयल मिलाकर ब्रांडेड घी के लेबल चिपकाकर सस्ते दामों पर गांवों में नकली व मिलावटी घी सप्लाई किया जा रहा था। आरोपी पिछले एक साल से यह कृत्य कर रहा था। अनुमान के अनुसार वह इस दौरान एक लाख लीटर से अधिक नकली व मिलावटी घी बाजार में सप्लाई कर चुका है। उसके साथ एक अन्य व्यक्ति की भूमिका भी सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है।

घी की सुगंध व रंग लाने के लिए एसेंस मिलाते

आरोपी नवीन कुमार जैन से जांच व पूछताछ में सामने आया कि वह जोधपुर से सस्ते दामों पर पाम ऑयल खरीदता था और उत्तर प्रदेश से सस्ता घी मंगवाता था। कारखाने में इस घी में पाम ऑयल मिलाया जाता था। देसी घी की सुगंध और रंग लाने के लिए एसेंस डाला जाता था, जिससे मिलावटी घी शुद्ध घी जैसा नजर आने लगता था। इसके बाद 15-15 लीटर के टिन में पैक कर विभिन्न ब्रांडों के लेबल चिपका दिए जाते थे। आरोपी छोटी-छोटी पैकिंग में भी घी बेचता था। उसने रोजाना करीब 300 लीटर नकली व मिलावटी घी बनाना कबूल किया है। इस तरह वह साल भर में एक लाख लीटर से अधिक नकली घी बेच चुका है।

Source: https://www.patrika.com/jodhpur-news/fake-and-adulterated-ghee-factory-busted-in-jodhpur-20333743